हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 23 जून 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों से युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष जोर देने का आह्वान किया है।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

- हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष के शासनकाल में राष्ट्र ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है।

- राष्ट्र में गत एक दशक में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

*****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों से युवाओं को रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष जोर देने का आह्वान किया है।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में

अपने निवास स्थान में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।उन्होंने विश्वविद्यालयों को शिक्षा और रोजगार के बीच के अंतर को कम करने के लिए उद्योगों के साथ मिलकर काम करने और  प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा कम से कम 10 प्रतिशत कार्यक्रम औद्योगिक भागीदारों के सहयोग से चलाने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही विभिन्न उद्योगों की उभरती जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा।विश्वविद्यालयों को राज्य सरकार के पूर्ण मार्गदर्शन, संसाधन और समर्थन का आश्वासन देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को एक ऐसे राज्य में बदलना होगा जो न केवल डिग्री प्रदान करे बल्कि अपने युवाओं को सार्थक दिशा और उद्देश्य भी प्रदान करे।मुख्यमंत्री ने हरियाणा के प्रत्येक जिले में एक आदर्श कौशल महाविद्यालय और एक आदर्श कौशल विद्यालय  स्थापित करने के राज्य सरकार के विजन को भी रेखांकित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संस्थान छात्रों को विशेष कौशल शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे । उन्होंने एक कुशल कार्यबल को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया जो आधुनिक उद्योगों की मांगों के अनुरूप है और हरियाणा के समग्र आर्थिक विकास में योगदान देता है।

***********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और इस दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार, बलिदान और राष्ट्रभक्ति आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना

सर्वस्व न्योछावर किया। उनके अथक प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लागू 'परमिट प्रथा' समाप्त हुई और देश की एकता को मजबूती मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर अखंड भारत के संकल्प को साकार किया है।

*********

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज शिक्षाविद्, चिन्तक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी का बलिदान दिवस पूरी श्रद्धा से मनाया गया।पंचकुला स्थित सभी बूथों पर मुख्य कार्यक्रम गांव बुढ़नपुर में आयोजित किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, जिला प्रधान अजय मित्तल ने डॉ मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर को शेष भारत के साथ एकीकृत करने के लिए लम्बा संघर्ष किया।

**********

फरीदाबाद स्थित भाजपा कार्यालय ‘अटल कमल’ में भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने की। इस मौके पर महापौर प्रवीण जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।श्री रामपाल ने बताया कि भाजपा के सभी मंडलों में बूथ स्तर तक बलिदान दिवस मनाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में समर्पित रहने का संकल्प लिया।

***********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का 11 वर्ष का  शासनकाल राष्ट्र निर्माण का वह दौर है जिसमें भारत ने अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए आधुनिक विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है।खेल राज्य मंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज मानेसर में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री गौरव गौतम ने कहा कि गरीब, किसान, महिला और युवा ये चार स्तंभ मोदी सरकार के सुशासन के केंद्र बिंदु हैं। अंत्योदय उत्थान के लक्ष्य के साथ  पिछले 11 वर्षों में 29 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। जल जीवन मिशन से 15 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि श्री मोदी के निर्णयों में दृढ़ता और देशहित सर्वोपरि रहा है। चाहे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की बात हो, पुलवामा हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक हो, या फिर हाल ही में 'चिनाब पुल ' के ज़रिए कश्मीर घाटी को देश से जोड़ना, उनका हर निर्णय एक नए भारत की नींव रखता है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व देश में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और निराशा का माहौल था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और विकास की नीति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जिसका परिणाम आज विश्व मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति के रूप में सामने

है।उन्होंने कहा कि चंद्रयान, मंगलयान और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को विश्व की अग्रणी टेक्नोलॉजी शक्ति बना दिया है। वर्ष 2014 में 10वीं स्थान पर रही भारतीय अर्थव्यवस्था आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है।

***********

राष्ट्र ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण, अवसर और सुधार के माध्यम से समावेशी विकास के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

*पिछले एक दशक में सरकार ने शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास  के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 18 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम ने पिछड़े वर्गों को रियायती ऋण प्रदान करते हुए एक लाख 74 हजार से अधिक लाभार्थियों को 752 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए। सांस्कृतिक और समुदाय-विशिष्ट पहलों ने भी सार्थक प्रभाव डाला है। हज सुविधा ऐप और हज स्वयंसेवकों के लिए समर्पित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाया है। जबकि ऐतिहासिक वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025, और उम्मीद पोर्टल ने पारदर्शिता और शासन को मजबूत किया, जिससे वक्फ संपत्तियों के लिए*

*डिजिटल प्रबंधन के एक नए युग की शुरुआत हुई। इसके अतिरिक्त, बौद्ध विकास योजना और जियो पारसी जैसी अन्य जैसी योजनाओं ने संस्कृति को संरक्षित करके, शिक्षा और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देकर विभिन्न समुदायों की अनूठी जरूरतों को पूरा किया है। समावेश केवल एक नीति नहीं है, यह एक वादा है। योजनाओं, छात्रवृत्ति, डिजिटल सुधारों और विरासत संरक्षण के माध्यम से सरकार सशक्तिकरण और समावेशन को बढ़ावा दे रही है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।*

*********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक में पूर्व वित्त मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत कैप्टन अभिमन्यु के आवास सिंधु भवन में पौधारोपण भी किया।बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस संसार में मां की ममता की बराबरी कोई दूसरा नहीं कर सकता।

******